मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-466
16/09/2021

# मुख्यमंत्री ने 'विश्वकर्मा पूजा' के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 16 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मेहनतकशों एवं शिल्पकारों के सम्मान का प्रतीक 'विश्वकर्मा पूजा' की प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि राज्य एवं देश के विकास में तकनीकी विशेषज्ञों, अभियंताओं एवं शिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने तकनीकी विशेषज्ञों से आह्वान किया कि प्रतिस्पर्द्धा के इस युग में अपने हुनर एवं कौशल का भरपूर प्रदर्शन करते हुये मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य कर बिहार के विकास में योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से विश्वकर्मा पूजा को आपसी भाईचारा, पारस्परिक प्रेम, सामाजिक सौहार्द्र एवं शान्तिपूर्ण सद्भाव के साथ मनाने की अपील करते हुये कहा कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना आवश्यक है। लोग मास्क का प्रयोग जरूर करें।

******